936 **830(NW)**

**2020**

चित्रकला

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**विशेष निर्देश :**

i) मुखपृष्ठ (cover page) तथा इसमें रखे प्रत्येक उत्तर पत्र के दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ़-साफ लिखिए तथा केन्द्र व्यवस्थापक अपनी हस्ताक्षर युक्त मुहर (Facsimile) प्रत्येक प्रपत्र पर लगाएँ और उन पर कक्ष निरीक्षक से भी हस्ताक्षर करवाएँ।

ii) प्रश्नपत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है। इनमें से खण्ड **क** का प्रश्न अनिवार्य है। खण्ड **ख** और खण्ड **ग** में से किसी **एक** खण्ड का ही प्रश्न हल करना है।





iii) खण्ड **क** के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' **अथवा** 'आलेखन' **अथवा** 'प्राविधिक कला' में से केवल **एक** का ही चित्रण करना है।

iv) खण्ड **ख** से 'स्मृति चित्रण' **अथवा** खण्ड **ग** से 'भारतीय चित्रकला' में से किसी **एक** का ही उत्तर देना है।

**खण्ड 'क'**

**(अनिवार्य)**

**( प्राकृतिक दृश्य चित्रण )**

1. दिये गये पूरे ड्राइंग कागज पर 2 सेमी बार्डर छोड़कर एक ग्रामीण सूर्योदय का दृश्य चित्रण कीजिए। एक गाँव का दृश्य, कुछ झोपड़ियाँ, पेड़ की छाया में बैठी गाय, बकरी, सिर पर टोकरी रखे घर लौटती महिला दर्शाइये। चित्रांकन में जल रंग अथवा पेस्टल रंग का प्रयोग करें।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए :

अ) सही संरचना तथा परिप्रेक्ष्य 15

ब) संयोजन 7½

स) सुसंगत रंगों का प्रयोग 15

द) आकर्षण एवं सामान्य प्रभाव। 7½

**अथवा**

( आलेखन )

एक वर्ग की रचना कीजिए जिसकी भुजा की माप 16 सेमी है। इसमें फर्श के मध्य भाग के लिए कमल के पुष्प, पत्तियों, कलियों और तितली की सहायता से एक आलंकारिक आलेखन की रचना कीजिए। आलेखन में किन्हीं तीन रंगों का प्रयोग कीजिए। ट्रेसिंग करना मना है। आलेखन में निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

अ) इकाई की मौलिकता 15

ब) लयात्मक रेखांकन 7½

स) रंगों का चयन एवं आकर्षण 15

द) सामान्य प्रभाव। 7½

**अथवा**

**( प्राविधिक कला )**

**सूचना :**

i) निम्नलिखित **पांच** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए।

ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

iii) प्रत्येक उत्तर की रचना में निर्दिष्ट रेखायें, रचनात्मक रेखायें एवं अभीष्ट रेखायें स्पष्ट हों। रचना की रचनात्मक रेखाओं को न मिटाइये।





iv) रफ़ कार्य श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए। इसे भी अपने उत्तर पत्र के साथ संलग्न कर दीजिए। $3 \times 15 = 45$

अ) एक त्रिभुज की रचना कीजिए जिसकी भुजायें 4 सेमी, 5 सेमी तथा 6 सेमी हैं। त्रिभुज के क्षेत्रफल के बराबर एक आयत की रचना कीजिए। 7 + 8

ब) 3 सेमी त्रिज्या के दो समान वृत्त **अ** और **ब** की रचना कीजिए जिनके केन्द्र 8 सेमी की दूरी पर स्थित हैं। वृत्तों पर तिर्यक सामान्य स्पर्श रेखा खींचिए। 7 + 8

स) एक त्रिभुज **क ख ग** की रचना कीजिए, जिसका परिमाप 12 सेमी है तथा भुजाओं का अनुपात 3 : 4 : 5 है। 15

द) 6 सेमी भुजा के षट्भुज में एक ज्यामितीय आलेखन की रचना कीजिए, जो कि त्रिभुज, वर्ग और रेखाओं पर आधारित हो। 7 + 8

य) एक साधारण मापनी की रचना कीजिए, जिसके द्वारा मीटर की दूरी पढ़ी जा सके जबकि 3 सेमी, 12 मीटर की दूरी प्रदर्शित करती है। मापनी का निरूपक भिन्न ज्ञात कीजिए। मापनी में 34 मीटर की दूरी अंकित कीजिए। 15

खण्ड 'ख'

( स्मृति चित्रण )

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** का चित्र छाया-प्रकाश दिखाते हुए पेन्सिल से बनाइये। चित्र 15 सेमी से कम न हो। 25

अ) लालटेन

ब) एक लड़का गेंद के साथ खेलता हुआ

स) खुली किताब

द) टेबुल लैम्प।

**अथवा**

खण्ड 'ग'

( भारतीय चित्रकला )

3. अ) कांगड़ा चित्र शैली के बारे में आप क्या जानते हैं ? 15

**अथवा**

भारतीय पुनरुत्थान चित्र शैली के वाश विधा पर संक्षेप में लिखिए।





ब) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर चार विकल्पों में दिए गए हैं। उनमें से सही विकल्प चुनें और उत्तर पुस्तिका पर क्रमानुसार लिखिए।

i) महान चित्रकार देवदीन एवं नर्तकी सुतनुका की प्रेमकथा किस गुहा मंदिर में उत्कीर्ण हैं ?

अ) बादामी

ब) बाघ

स) जोगीमारा

द) सित्तनवासल। 1

ii) 28 अप्रैल, 1819 को सर्वप्रथम अजंता गुफाओं की खोज किसने किया था ?

अ) जान स्मिथ

ब) जेम्स फरग्यूसन

स) जान काकबर्न

द) लेडी हेरिंघाम। 1

iii) 'दो शोकाकुल नारी' भित्ति चित्र अंकित है

अ) अजन्ता गुफा में

ब) बाघ गुफा में

स) बादामी गुफा में

द) सित्तनवासल गुफा में। 1

iv) ऊँट की खाल पर चित्रकारी किस स्थान की विशेषता है ?

अ) नाथद्वारा

ब) बून्दी

स) किशनगढ़

द) बीकानेर। 1

v) 'चौर पंचासिका' का चित्रण मिलता है

अ) बूंदी शैली में

ब) किशनगढ़ शैली में

स) प्राकृत शैली में

द) गुलेर शैली में। 1

vi) चित्रित ग्रन्थ 'अयारदानिश' किस प्राचीन भारतीय साहित्य पर आधारित है ?

अ) रामायण

ब) महाभारत

स) पंचतन्त्र

द) नल-दमयन्ती। 1

vii) राजा संसार चंद का नाम किस शैली से जोड़ा जाता है ?

अ) बूंदी चित्र शैली

ब) मेवाड़ चित्र शैली

स) किशनगढ़ चित्र शैली

द) काँगडा चित्र शैली। 1



viii) वह कलाकार जिसे 'चैतन्य सिद्ध' कहा जाता है, है

अ) नन्दलाल बोस

ब) अवनीन्द्रनाथ टैगोर

स) क्षितीन्द्रनाथ मजूमदार

द) यामिनी राय। 1

ix) अमृता शेरगिल का जन्म किस देश में हुआ था ?

अ) इटली ब) हंगरी

स) भारत द) फ्रांस। 1

x) उत्तर प्रदेश में राज्य ललित कला अकादमी कहाँ है ?

अ) इलाहाबाद ब) लखनऊ

स) कानपुर द) वाराणसी। 1